“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, आश्विन 27, 1945
गुरुवार, अक्टूबर 19, 2023

रक्षा विभाग के विशेष अभियान 3.0 के कार्यान्वयन चरण का तीसरा सप्ताह

रक्षा विभाग सहवर्ती स्वच्छता अभियान के साथ विशेष अभियान 3.0 के कार्यान्वयन चरण (02-31 अक्टूबर, 2023) के तीसरे सप्ताह में है। उल्लेखनीय है कि विशेष अभियान 3.0 के प्रारंभिक चरण के दौरान, रक्षा विभाग ने पूरे भारत में कुल 3066 स्थानों/स्थलों की पहचान की थी, जहां जन-केंद्रित जुड़ाव के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। ये स्थान विभिन्न संगठनों जैसे रक्षा लेखा महानियंत्रक, सीमा सड़क संगठन, सैन्य अस्पताल, राष्ट्रीय कैडेट कोर महानिदेशालय, भारतीय तटरक्षक बल, सैनिक स्कूल, कैंटीन स्टोर विभाग और छावनियों से संबंधित हैं। अक्टूबर 18, 2023 को 1832 ऐसी साइटें पहले ही इसके अंतर्गत आ चुकी थीं।

18.10.2023 तक कुल 28,859 फाइलों की समीक्षा की जा चुकी है और 16,485 ऐसी फाइलों को हटाने का प्रस्ताव है। दिनांक 18.10.23 पर कुल 92,850 वर्ग फुट स्थान खाली कराया गया है और बेकार हो गए वाहनों की नीलामी तथा अन्य कबाड़ एवं अप्रचलित वस्तुओं के निपटान से 55.43 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

इस अभियान के तहत सर्वोत्तम प्रथाओं के हिस्से के रूप में, छावनी बोर्ड देहरादून ने पॉलिथीन कचरे के निपटान के लिए देहरादून छावनी क्षेत्र में "पॉलिथीन कचरा बैंक" शुरू किया है। पॉलीथीन कचरा यानी चिप्स रैपर, पॉलिथीन पैकिंग बैग, पॉलिथीन बोरे आदि आम लोगों से 03 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदे जाते हैं। छावनी क्षेत्र में तीन स्थलों पर पॉलीथीन कचरा बैंकों के लिए संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं।

एकत्र किए गए पॉलीथीन कचरे का उपयोग उच्च घनत्व कम्पोजिट पॉलिमर (एचडीसीपी) टाइल्स, बोर्ड आदि के निर्माण के लिए किया जाता है। कैंट बोर्ड हर महीने न्यूनतम 70 टन से लेकर अधिकतम 100 टन पॉलिथीन कचरा खरीदता है।

लोग अपने घर के कोने में पॉलिथीन कचरे को स्टोर कर सकते हैं और

पॉलिथीन कचरे की बिक्री के लिए महीने के किसी भी दिन निकटतम "पॉलिथीन कचरा बैंक" में जा सकते हैं। इसके अलावा पॉलीथीन-कचरा घर से कचरा इकट्ठा करने वाले व्यक्ति को भी दिया जा सकता है।

एबीबी/एलपी/एसएस